# Uttarakhand Open University
# Haldwani

## B.Ed. (ODL)
## Admission Information Brochure

## बी० एड० (ओ.डी.एल.)
## प्रवेश सूचना विवरणिका
## सत्र 2022-2024

**यद्यपि इस विवरणिका में सूचना / तथ्यों/ नियमों के मुद्रण में पूर्ण सावधानी का पालन किया गया है, फिर भी यदि इस सम्बन्ध में किसी त्रुटि अथवा विसंगति की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आधिकारिक सूचनाएं ही प्रभावी और सर्वमान्य होंगी।**

**Although due care has been taken while printing the information/rules/facts in the Prospectus, yet if any error or discrepancy comes into notice at the later stage, then the official information/ defined rules/facts issued by the University will be effective and obligatory.**

- NRC (NCTE) के पत्रांक NRC/NCTE/Recognition/NRCAPP-10442/B.Ed./2016 दिनांक 20 May 2016 द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा को B.Ed. (ODL) कार्यक्रम को प्रारम्भ करने की अनुमति है तथा U.G.C. द्वारा भी इस कार्यक्रम को प्रारम्भ करने की अनुमति प्राप्त है।
- NCTE Regulations, 2014 के अनुरूप प्रवेश हेतु निर्धारित मानकों के अनुसार ही प्रवेश किए जाएंगे।
- इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रवेश की प्रक्रिया 'प्रवेश परीक्षा' अथवा 'शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव' (यथास्थिति) अथवा सीधे काउंसलिंग के आधार पर संपन्न की जाएगी। (इस सम्बन्ध में **निर्णय पूर्णतया विश्वविद्यालय द्वारा लिया जाएगा )**

**अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग /पी.डब्ल्यू.डी. तथा अन्य ऐसे वर्ग के लिए अंको में छूट , स्थान आरक्षण तथा आवेदन फॉर्म शुल्क में छूट उत्तराखण्ड राज्य सरकार के नियमानुसार होगा**

**बी० एड ० कार्यक्रम में प्रवेश पात्रता / Admission Eligibilty**

1. बी.एड. कार्यक्रम में प्रवेश के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि में कम से कम 50% अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे तथा SC/ST/OBC/PWD के लिए कम से कम 45% अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग या तकनीकी जिसमें विज्ञान एवं गणित की विशेषज्ञता हो , स्नातक अथवा परास्नातक में 55% अंक प्राप्त करने वाले अथवा समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

**एवं**

2. प्रारम्भिक शिक्षा में प्रशिक्षित सेवारत अध्यापक।

   Trained in-service teacher in elementary education

3. वे अभ्यर्थी जिन्होंने NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (फेस- टू -फेस) से अध्यापक शिक्षा का कोई पाठ्यक्रम पूर्ण किया है।
   Candidates who have completed a NCTE recognized Teacher Education Programme through face-to-face mode.

**<u>नोट: ऊपर दी गई तीनों अर्हताओं को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन करने के लिए पात्र हैं।</u>**

NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम हैं –
D.E.C.Ed, DPSE, D.EL.Ed/ B.T.C., B.EL.Ed, B.Ed, M.Ed, D.P.Ed, B.P.Ed, M.P.Ed, D.Ed., Diploma in Arts Education (Visual Arts), Diploma in Arts Education (Performing Arts) , B.A.B.Ed./B.Sc.B.Ed. 4 Years Integrated programme, B.Ed. M.Ed. 3 year's integrated programme and any other NCTE recognized face to face mode Teacher's Training Course.

**अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग /पी.डब्ल्यू.डी. तथा अन्य ऐसे वर्ग के लिए अंको में छूट , स्थान आरक्षण तथा आवेदन फॉर्म शुल्क में छूट उत्तराखण्ड राज्य सरकार के नियमानुसार होगा।**

**प्रवेश प्रक्रिया**
बी.एड. (ODL) कार्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा **आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रवेशार्थियों के द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर या मेरिट के आधार पर या सीधे काउंसलिग द्वारा किया जाएगा।** (इस सम्बन्ध में **निर्णय पूर्णतया विश्वविद्यालय द्वारा लिया जाएगा )**

प्रदेश में शासन की आरक्षण नीति के अनुरूप अनूसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग / पीडब्ल्यूडी तथा अन्य ऐसे वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए अंकों में छूट तथा स्थान आरक्षित रहेंगे। प्रदेश की महिलाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों एवं रक्षाकर्मियों/आश्रितों को प्रदेश शासन के नियमानुसार आरक्षण देय होगा।

अभ्यर्थी को आवेदन पत्र **केवल Online** माध्यम से सम्पूर्ण सूचनाओं सहित भरना है। अभ्यर्थी को मूल प्रमाण पत्र और उनकी छायाप्रति प्रवेश परीक्षा के उपरान्त (प्रवेश परीक्षा आयोजित होने की दशा में ) या प्रवेश हेतु काउन्सलिंग के समय जमा करने होंगे।

प्रवेश परीक्षा का विवरण आगे दिया गया है। प्रवेश परीक्षा केन्द्र के आवंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय का होगा। प्रवेश साक्षात्कार में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा, जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की होगी एवं विश्वविद्यालय द्वारा तय की गई मेरिट लिस्ट के अंतर्गत होंगे। प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित होने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश परामर्श के समय प्रवेश पात्रता सम्बन्धी अपेक्षित मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी प्रतियाँ तथा कार्यक्रम शुल्क जमा करने पर ही उसका प्रवेश पूर्ण समझा जाएगा।

प्रवेश परामर्श के समय प्रस्तुत किये जाने वाले शपथ-पत्र व अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों (जाति प्रमाण पत्र को छोड़कर) के प्रारूप अन्त में उपलब्ध हैं।

बी.एड. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uou.ac.in पर जाकर बी.एड. (ODL) प्रवेश-2022 के Sub link में ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

अभ्यर्थियों को अपना नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, कार्यक्रम का नाम, निवास एवं श्रेणी (सामान्य, अन्य पिछड़े वर्ग, अनूसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) आदि वांछित सूचनाएं स्वयं अपलोड करनी होगी।

- अर्ह अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की वेबसाईट के सम्बन्धित लिंक में जाकर वांछित सूचनाएं सम्पूर्ण रूप से भरने के उपरान्त प्रवेश शुल्क ऑन-लाइन जमा करना होगा।
    - सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए- रु0 1000/-
    - अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए- रु0 500/- है।
- अभ्यर्थी को प्रवेश आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना नवीनतम रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन कर प्रविष्ट करना होगा।
- आवेदन फ़ार्म पूर्ण रूप से भरे जाने के बाद अभ्यर्थी फॉर्म को डाउनलोड कर अपने पास रक्षित कर लें।
- प्रवेश से संबंधी परीक्षा की तिथि, समय तथा परीक्षा केन्द्र की सूचना (**प्रवेश परीक्षा संपन्न कराए जाने की दशा में**) प्रवेश पत्र पर अंकित की जाएगी तथा प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uou.ac.in पर प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uou.ac.in में उपलब्ध रहेगा। प्रवेश पत्र को अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से 10 दिन पूर्व से डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा केन्द्र के आवंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय में निहित है। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 100 से कम होने पर परीक्षा केन्द्र को परिवर्तित किया जा सकता है और परीक्षार्थियों को अन्य परीक्षा केन्द्र पर स्थानान्तरित कर दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति का अर्थ यह नहीं है कि अभ्यर्थी बी0एड0 (ODL) में प्रवेश सम्बन्धी पात्रता को पूर्ण करता है।

**नोट :** अभ्यर्थियो की संख्या के आधार पर ही विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय किया जाएगा।

अभ्यर्थियो की संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्रो मे परिवर्तन सम्भव है।

**प्रवेश फॉर्म शुल्क**

बी.एड. (ODL) कार्यक्रम हेतु आवेदन पत्र - शुल्क –

- सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए- रु0 1000/-
- अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए- रु0 500/- है।

अभ्यर्थियों को प्रवेश शुल्क का भुगतान Online माध्यम से ही करना होगा।

**बी0एड0 (ODL) प्रवेश परीक्षा की विषयवस्तु दो खण्डों में विभाजित होगी। (प्रवेश परीक्षा कराए जाने की दशा में )**

| **Section A** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.No. | | No. of Question | Marks | Total |
| 1. | General Mental Ability/ Reasoning | 25 | 1x25 | 25 |
| **Section B** | | | | |
| 2. | Teaching Aptitude | 25 | 1x25 | 25 |
| **Section C** | | | | |
| 3. | General Awareness | 50 | 1x50 | 50 |
| | **Total** | **100** | | **100** |

प्रत्येक खण्ड में वस्तुनिष्ठ (MCQ) प्रकार के प्रश्न होंगे। प्रवेश परीक्षा की कुल अवधि 02 घण्टे होगी। अभ्यर्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व अपनी स्थान ग्रहण कर लेना होगा। प्रवेश परीक्षा आरम्भ होने के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रवेश परीक्षा के लिए एक उत्तर पत्रक (OMR Sheet) उपलब्ध कराया जाएगा। जिन पर अभ्यर्थी को प्रश्नों के उत्तर इंगित करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न के क्रमांक के आगे चार गोले, जिनमें क्रमशः A,B,C,D मुद्रित होगा, दिए गए होंगे। प्रत्येक प्रश्न को पढ़ने के उपरान्त अभ्यर्थी को सही उत्तर का चयन करना होगा तथा उत्तर-पत्रक पर सम्बन्धित अक्षर वाले गोले को बाल पेन से पूरा भरना करना होगा।

प्रवेश परीक्षा उत्तर-पत्रक भरने के लिए अभ्यर्थी अपने साथ काला/ नीला बाल पेन लाएं।

**परामर्श साक्षात्कार**

प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होने के उपरान्त चयनित अभ्यर्थियों का परामर्श साक्षात्कार उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में निर्धारित तिथि के अनुसार होगा। अभ्यर्थी परामर्श साक्षात्कार हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uou.ac.in को देखते रहें जिस पर उन्हें सूचित किया जाएगा। परन्तु अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपना परीक्षा परिणाम समाचार पत्रों/विश्वविद्यालय की वेबसाईट से देख लें तथा प्रवेश हेतु चयनित होने पर परामर्श साक्षात्कार की तिथि, समय व स्थान ज्ञात कर लें। परामर्श साक्षात्कार के दिन अभ्यर्थियों को सभी

मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्रों के साथ-साथ शपथपत्र व अन्य प्रमाण पत्र व उनकी छाया प्रतियां व बी.एड. कार्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर का शुल्क रु0-**7150**/ विश्वविद्यालय चालान के माध्यम से जमा करना होगा। परामर्श साक्षात्कार में निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थी का प्रवेश अधिकार स्वतः समाप्त हो जाएगा एवं प्रतीक्षा सूची से प्रवेश कर लिया जाएगा ।

उत्तराखण्ड राज्य के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड सरकार द्वारा लागू जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश परामर्श के समय क्रीमी लेयर के अंतर्गत ना होने का अन्य पिछड़े वर्ग का जाति प्रमाण पत्र जो प्रवेश परामर्श की तिथि से एक वर्ष के अन्दर का हो, लाना अनिवार्य होगा । इसके लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा लागू जाति प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे।

**विकलांग अभ्यर्थी**

- यू0जी0सी0 निर्देश बिंदु संख्या - xi के अनुरूप नेत्रहीन परीक्षार्थियों को परीक्षा में अतिरिक्त समय देने का प्रावधान किया गया है ।
- कुलपति जी की पूर्व अनुमति प्राप्त होने पर ही परीक्षार्थियों को विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी
- विकलांग परीक्षार्थियों की परीक्षा भूतल पर कराने हेतु विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी (यू0जी0सी0 के निर्देश बिन्दु संख्या xiii के समान)
- 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांग परीक्षार्थियों के पूर्व अनुरोध पर ही लिपिक/पाठ्य प्रयोग सहायक की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। (यू0जी0सी0 के निर्देश बिन्दु संख्या (I) के समान)
- निःशक्त अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे प्रवेश परीक्षा के दौरान अपेक्षित सुविधा के लिए 10 दिन पूर्व पत्र के माध्यम से अथवा अन्य तरीके से आवेदन कर दें जिससे कुलपति जी की स्वीकृति प्राप्त कर ली जाए । चक्षु विकलांग अभ्यर्थी परीक्षा से 10 दिन पूर्व श्रुति लेखक का नाम अनुमोदित करा लें। श्रुति लेखक सत्र 2019-20/ 2020-2021 हाईस्कूल/इण्टर में सम्मिलित अभ्यर्थी हो सकता है जिसकी अंकतालिका व फोटो को प्रार्थना पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

**विशेष सूचना**

इस प्रवेश सूचना विवरणिका में दी गई सूचनाओं में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता अथवा विसंगति की स्थिति में विश्वविद्यालय अधिनियम, परिनियम व अध्यादेशों में वर्णित व्यवस्था के अनूरूप निर्णय लिया जाएगा एवं विश्वविद्यालय का निर्णय ही अन्तिम होगा। कतिपय कारणों से अंकित विषयों में परिवर्तन की दशा में यथासमय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।

आवेदन कर्ता स्वयं अच्छी तरह से सुनिश्चित कर लें कि इस आवेदन-पत्र में उनके द्वारा उल्लिखित जाति, वर्ग अधिभार एवं अर्हता आदि से सम्बन्धित सूचानाएं पूर्ण रूप से सही हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में आपके द्वारा दी गयी सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही की जाएगी एवं तत्सम्बन्धी सत्यापन प्रवेश परामर्श के समय आपके द्वारा प्रस्तुत मूल प्रमाण पत्रों के आधार पर किया जाएगा।

## **बी0एड0 (ODL) पाठ्यक्रम हेतु शपथ पत्र का प्रारूप**

नोट- निम्न शपथ पत्र प्रारूप को रू. 10/- के नान ज्यूडिशियल शपथ पत्र पर नोटरी द्वारा प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करें।

**समक्ष,**
**समन्वयक, बी0एड0 (ODL) प्रवेश समिति**
**उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,**
**तीनपानी बाईपास विश्वविद्यालय मार्ग हल्द्वानी - 263139**

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि-

1. मैंने ................................................................ विश्वविद्यालय से स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा वर्ष .............................. में .............................. प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।
2. मैं 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग हूँ।
3. मैं उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के बी0एड0 (ODL) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्ह हूँ। यदि भविष्य में यह ज्ञात होता है कि मैं प्रवेश हेतु अर्ह नहीं था/थी तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा स्वयं का होगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा व मेरे द्वारा जमा शुल्क की समस्त धनराशि जब्त कर ली जाएगी तथा जमा की गई किसी भी धनराशि को विश्वविद्यालय से वापस पाने का मैं कोई दावा नहीं करूंगा/करूंगी।
4. बी0एड0 (ODL) कार्यक्रम सत्र 2022-24 में प्रवेश हेतु मेरे द्वारा दी गई समस्त सूचनाएं मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है।

दिनांक ............................

**शपथकर्ता के पूर्ण हस्ताक्षर**
**स्पष्ट शब्दों में नाम**

## बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) का प्रारूप

**निर्देश**-अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) के निम्न प्रारूप को संस्था के लेटरहेड पर प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु0 ........................................................................................ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ...................................................................... इस संस्था में दिनांक ......................... से अध्यापक/अध्यापिका के रूप में निरन्तर कार्यरत हैं। यह संस्था राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा ………………………………… प्रदेश में स्थित है। इनके द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के बी0एड0 (ODL) कार्यक्रम में प्रवेश पर संस्था को कोई आपत्ति नहीं है।

**(प्रतिहस्ताक्षरी का हस्ताक्षर, नाम एवं मुहर)**

**संस्था के प्रधान के हस्ताक्षर एवं नाम तथा संस्था की मुहर**

**नोट-**

- उपरोक्त प्रमाण पत्रों के प्रतिहस्ताक्षर हेतु सक्षम अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक अधिकारी/खण्ड शिक्षा अधिकारी/क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी आदि है। प्रमाण-पत्र सम्बन्धित सक्षम अधिकारी द्वारा ही प्रति हस्ताक्षरित होने चाहिए।
- अभ्यर्थी का प्रमाण-पत्र समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थाओं में अध्यापन की स्थिति में जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकलांग कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थाओं में अध्यापन की स्थिति में जिला विकलांग कल्याण अधिकारी तथा अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित संस्थाओं में अध्यापन की स्थिति में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से प्रति हस्ताक्षारित होना चाहिए।
- CBSE या ICSE से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्यापन की स्थिति में उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य सक्षम अधिकारी के द्वारा प्रति हस्ताक्षर करने की स्थिति में संस्था के मान्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति भी साथ में संलग्न करना अनिवार्य है।

## पाठ्यक्रम का विवरण

1. पाठ्यक्रम कोड (Programme Code) : BED-21
2. पाठ्यक्रम का नाम (Programme Name) : Bachelor of Education (B.Ed.)
3. पाठ्यक्रम अवधि (Programme Duration)
    - न्यूनतम (Minimum): 2 Years
    - अधिकतम (Maximum): 5 Years
4. Total Credits – 64
5. Total Marks - 1600

**पाठ्यक्रम शुल्क**

| Semester | | Details of Fee (₹) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Programme | Project/ Workshop | Exam | Practical | Viva-Voce | Miscellaneous | Degree Fee | Grand Total |
| I | 5000 | 1000 | 1000 | - | - | 150 | | 7150 |
| II | 5000 | - | 1200 | - | - | - | | 6200 |
| III | 5000 | 1000 | 400 | - | 1000 | - | | 7400 |
| IV | 5000 | - | 800 | - | 500 | - | 300 | 6600 |

# Semester Wise Distribution of Courses

## Semester I (16 Credits)
## Semester Code: BED I

| Course / Paper | Credit | Total Marks | Assignment | Term End |
|---|---|---|---|---|
| BED I- PE 1: Childhood and Growing Up | 4 | 100 | 30 | 70 |
| BED I- PE 2: Contemporary India and Education | 4 | 100 | 30 | 70 |
| BED I- CPS 1: Language across the Curriculum | 2 | 50 | 15 | 35 |
| BED I- CPS 2: Understanding Disciplines and Subjects | 2 | 50 | 15 | 35 |
| BED I- CPS 3: Assessment for Learning | 4 | 100 | 30 | 70 |
| *Engagement with the field: Tasks and Assignments for the above courses.* | | | | |
| *Total* | 16 | 400 | 120 | 280 |

## Semester II (16 Credits)
## Semester Code: BED II

<table>
<tr><th colspan="2">Course / Paper</th><th>Credit</th><th>Total Marks</th><th>Internal Marks</th><th>External Marks</th></tr>
<tr><td colspan="2">BED II- PE 3: Knowledge and Curriculum</td><td>4</td><td>100</td><td>30</td><td>70</td></tr>
<tr><td colspan="2">BED II- PE 4: Learning and Teaching</td><td>4</td><td>100</td><td>30</td><td>70</td></tr>
<tr><td rowspan="7">Optional Course: Any Two relevant Pedagogy Papers of the following:</td><td>BED II- CPS 4: Pedagogy of Hindi (Part I)</td><td>2</td><td>50</td><td>15</td><td>35</td></tr>
<tr><td>BED II- CPS 5: Pedagogy of English (Part I)</td><td>2</td><td>50</td><td>15</td><td>35</td></tr>
<tr><td>BED II- CPS 6: Pedagogy of Sanskrit (Part I)</td><td>2</td><td>50</td><td>15</td><td>35</td></tr>
<tr><td>BED II- CPS 7: Pedagogy of Physical Science (Part I)</td><td>2</td><td>50</td><td>15</td><td>35</td></tr>
<tr><td>BED II- CPS 8: Pedagogy of Biological Science (Part I)</td><td>2</td><td>50</td><td>15</td><td>35</td></tr>
<tr><td>BED II- CPS 9: Pedagogy of Mathematics (Part I)</td><td>2</td><td>50</td><td>15</td><td>35</td></tr>
<tr><td>BED II- CPS 10: Pedagogy of Social Science (Part I)</td><td>2</td><td>50</td><td>15</td><td>35</td></tr>
<tr><td colspan="2">BED II- CPS 11: Statistics for Assessment of Learning</td><td>2</td><td>50</td><td>15</td><td>35</td></tr>
<tr><td colspan="2">BED II- EPC 1: Critical Understanding and uses of ICT</td><td>2</td><td>50</td><td>15</td><td>35</td></tr>
<tr><td colspan="2">Engagement with the field: Tasks and Assignments for the above courses.</td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">Total</td><td>16</td><td>400</td><td>120</td><td>280</td></tr>
</table>

## Semester III (16 Credits)

## Semester Code: BED III

| Course / Paper | | Credit | Total Marks | Internal Marks | External Marks* |
|---|---|---|---|---|---|
| Optional Course: ***Any Two*** *relevant Pedagogy Papers of the following:* | BED III- CPS 12: Pedagogy of Hindi (Part II) | 2 | 50 | 15 | 35 |
| | BED III- CPS 13: Pedagogy of English (Part II) | 2 | 50 | 15 | 35 |
| | BED III- CPS 14: Pedagogy of Sanskrit (Part II) | 2 | 50 | 15 | 35 |
| | BED III- CPS 15: Pedagogy of Physical Science (Part II) | 2 | 50 | 15 | 35 |
| | BED III- CPS 16: Pedagogy of Biological Science (Part II) | 2 | 50 | 15 | 35 |
| | BED III- CPS 17: Pedagogy of Mathematics (Part II) | 2 | 50 | 15 | 35 |
| | BED III- CPS 18: Pedagogy of Social Science (Part II) | 2 | 50 | 15 | 35 |
| BED III- CPS 19: School Internship | | 12 | 150 | - | 150 |
| Viva- Voce | | - | 150 | - | 150 |
| *Engagement with the field: Tasks and Assignments for the above courses.* | | | | | |
| **Note: - Assessment of practice teaching related to school internship by the board of internal and external examiners.* | | | | | |
| *Total* | | 16 | 400 | 30 | 370 |

## Semester IV (16 Credits)
## Semester Code: BED IV

| Course / Paper | | Credit | Total Marks | Internal Marks | External Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| BED IV- PE 5: Gender School and Society | | 2 | 50 | 15 | 35 |
| BED IV- PE 6: Creating an Inclusive School | | 2 | 50 | 15 | 35 |
| BED IV- PE 7: Yoga Education | | 2 | 50 | 15 | 35 |
| Optional Course: **Any One** of the following | BED IV- CPS 20: Guidance and Counseling | 4 | 100 | 30 | 70 |
| | BED IV- CPS 21: Peace Education | 4 | 100 | 30 | 70 |
| BED IV- EPC 2: Drama and Art in Education | | 2 | 50 | - | 50 |
| BED IV- EPC 3: Understanding the Self | | 2 | 50 | - | 50 |
| BED IV- EPC 4: Reading and Reflecting on Texts | | 2 | 50 | - | 50 |
| *Engagement with the field: Tasks and Assignments for the above courses.* **Note: - Assessment by the board constituted by internal and external examiners. With regard to EPC 2,3 and 4.* | | | | | |
| *Total* | | 16 | 400 | 75 | 325 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Grand Total** | **64** | **1600** | **345** | **1255** |

**Faculty School of Education**

| Name | Designation | e-mail |
|---|---|---|
| Professor A.K. Navin | Director, School of Education | aknavin@uou.ac.in |
| Dr. Digar Singh Farswan | Associate Professor | dsfarswan@uou.ac.in |
| Dr. Dinesh Kumar | Assistant Professor | dineshkumar@uou.ac.in |
| Dr. Mamta Kumari | Assistant Professor | mtamta@uou.ac.in |
| Dr. Kalpana Lakhera | Assistant Professor | klakhera@uou.ac.in |
| Dr. Siddharth Kumar Pokhriyal | Assistant Professor | spokhriyal@uou.ac.in |
| Dr. Debaki Sirola | Assistant Professor | dsirola@uou.ac.in |
| Dr. Manisha Pant | Academic Assoiciate | mpant@uou.ac.in |
| Dr. Dinesh Chandra Kandpal | Academic Assoiciate | dckandpal@uou.ac.in |
| Ms. Suman Pilkhwal | Academic Assoiciate | spilkhwal@uou.ac.in |